सुविचार

गलती जीवन का एक पन्ना है लेकिन रिश्ता पूरी एक किताब है जरूरत पड़ने पर गलती का एक पन्ना फाड़ देना, लेकिन एक पन्ने के लिए पूरी किताब कभी ना खो देना...

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-35 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## झूठ बोलकर ट्रांसफर करवाना या रुकवाना किस कानून के अंतर्गत दंडनीय अपराध होता है जानिए/legal advice...

किसी भी व्यक्ति का ट्रांसफर या तो उसकी बीमारी देखकर किया जा सकता है या रुकवाया जा सकता है या कोई अपवादात्मक रूप से कोई स्थिति उत्पन्न हो रही हो। लेकिन अगर कोई शासकीय सेवक होते हुए गलत जानकारी देकर या किन्ही तथ्यों को तोड़ मोड़ कर अपना ट्रांसफर करता है या रुकवता हैं तब उसके खिलाफ क्या कानूनी कार्यवाही होगी जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण अधिनियम,1982 की धारा 35 की परिभाषा?**

जो कोई व्यक्ति राज्य की या लोक उपक्रम की सेवा में होते हुए अपवादात्मक रूप से कठिन और आपसी मामलों को छोड़कर अर्थात गंभीर बीमारी को छोड़कर अपना ट्रांसफर करवाता है या अपना ट्रांसफर करवाता है या जोड़ तोड़(साठगांठ) द्वारा पदस्थापना या पदोंन्नति करवाएगा तब वह व्यक्ति अधिनियम की धारा 35 के अंतर्गत दोषी होगा।

Madhya Pradesh Specified Corrupt Practices Prevention Act, v~}w Section xz punishment?

यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं लेकिन अधिकारी पर मामला दर्ज करने से पहले सक्षम उच्च अधिकारी या समुचित सरकार से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है,इनकी सुनवाते किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम छः माह का कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

## कुटुंब परिवार की कृषि भूमि बेचना कब शून्य हो सकता है जानिए/transfer rights

कृषि भूमि को बेचने के बाद विक्रेता को क्रेता के नाम से भूमि का नामांतरण कर अति-आवश्यक होता है इसके बिना भूमि की खरीदी कानूनी तौर पर शून्य के समान मानी जाती है क्योंकि जब तक खाते में भूमि स्वामी का नाम नहीं जुड़ता तब तक विक्रेता ही उसका विधिक स्वामी माना जाता है इसलिए भूमि का नामांतरण करवाना अति-आवश्यक माना गया है,आज के लेख के हम पुनः एक अपवाद के बारे में जानकारी देते हैं जिनका जिस भूमि का नामांतरण नहीं किया जा सकता है जानिए।

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 की उपधारा 05 की परिभाषा?**

जहाँ भूमि स्वामी की भूमि किसी न्यायालय की किसी डिक्री, आदेश के निष्पादन में, किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बेची जाएगी जो ऐसे विक्रय के फलस्वरूप उतनी भूमि का हकदार हो जाएगा जो स्वयं उसके द्वारा, उसके परिवार द्वारा धारित भूमि यदि कोई हो तो। कुलमिलाकर साधारण शब्दों में कहे तो कोई भूमि जो न्यायालय से किसी कुटुम्ब के व्यक्ति को मिलने वाली है या न्यायालय के आदेश से किसी को प्राप्त हो गई है ऐसी भूमि का नामांतरण नहीं किया जा सकता है क्योंकि इस भूमि पर वह कुटुम्ब का व्यक्ति विधिक अधिकार रखता है।

**?? लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# मध्यप्रदेश को विकास में टाप पर ले जाने की गारंटी मोदी की हैः प्रधानमंत्री श्री मोदी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है मध्यप्रदेश को विकास में टॉप पर ले जाने की मोदी की गारंटी है। उन्होने कहा कि लंबे समय तक जो सत्ता में रहे जनजातीय बंधुओं और उनके सम्मानित वीरों, नेताओं को कभी सम्मान नहीं दिया। आजादी के बाद दशकों तक एक ही दल का शासन रहा। आजादी सिर्फ एक ही परिवार के कारण नहीं मिली। हमने सबका सम्मान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर रानी दुर्गावती के स्मारक के भूमिपूजन के पश्चात विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़ी 12 हजार करोड़ से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी किए। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, राज्य शासन के अनेक मंत्री, प्रदेश के सांसद और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### आन-बान और शान वाला मध्यप्रदेश देखेगी आने वाली पीढ़ी

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। आने वाले 20-25 साल में भी विकास में कोई रूकावट या गिरावट नहीं लौटेगी। मध्यप्रदेश में रहने वाले 25 वर्ष से छोटे लोगों ने प्रगति की ओर बढ़ रहे मध्यप्रदेश को ही देखा है। अब आने वाली पीढ़ी के समक्ष आन-बान और शान वाला मध्यप्रदेश देखने को मिलेगा। मध्यप्रदेश कृषि निर्यात में टाप पर है। अब औद्योगिक विकास में भी आगे लाना है। रोजगार के अवसरों में वृद्धि के साथ ही कई क्षेत्रों में मध्यप्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश को नंबर-एक पर ही रखना है। उन्होंने कहा कि देश ने चन्द्रयान छोड़ा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। जहां इंदौर में लाईट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण हो रहा है।

### जनजातियों को पूरा सम्मान, वंचितों को वरीयता

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनजातीय समाज के आजादी के आंदोलन में योगदान का स्मरण किया जा रहा है। यह पवित्र कार्य है। उन्होंने मध्यप्रदेश सहित संपूर्ण जनजातीय समाज और देशवासियों को इस स्मारक के भूमिपूजन पर बधाई देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी स्मरण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनजातियों के लिए अटल जी के कार्यकाल में अलग मंत्रालय बनाया गया था। जनजातियों के विकास के लिए बजट भी बढ़ाया गया। सरकार ने जनजातियों का सम्मान सुनिश्चित किया है। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद को पहली बार जनजातीय समाज की प्रतिनिधि ने सुशोभित किया है। मैं दुनिया के नेताओं से मिलता हूँ तो उन्हें गोंड चित्रकला के नमूने भेंट करता हूँ। देश में पंचतीर्थ का विकास हुआ है।

# 6 हजार करोड़ रूपये की 18 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में हुई। मंत्रि परिषद द्वारा 6 हजार करोड़ रूपये की 18 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई। जिसमें चितावद - उज्जैन, मेढ़ा - बैतूल, पन्हेटी - गुना, लोनी - रीवा , खाम्हा - कटनी, डोकरीखेड़ी - नर्मदापुरम, सोनपुर - शिवपुरी, थावर-मण्डला, मुरकी-डिंडोरी, पावा-शिवपुरी, सिरमौर-रीवा, कनेरा-भिण्ड, मल्हारगढ़-मंदसौर, देवरी-नर्मदापुरम, सीतलझिरी-बैतूल, आहू-आगर मालवा, बगलीपीठ-बालाघाट और पहाड़िया-रीवा शामिल है। इन परियोजनाओं से 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होगी। इससे लगभग 1250 ग्रामों के लगभग 02 लाख कृषक लाभांवित होंगे। मंत्रि-परिषद द्वारा छिन्दवाड़ा जिले की तहसील सोंसर एवं पांढुर्ना को



समाविष्ट का नवीन जिला पाढुर्ना बनाने की स्वीकृति दी गई है। मंत्रिपरिषद द्वारा जिला उज्जैन में नवीन तहसील उन्हेल का सृजन किया गया जिसमें वर्तमान तहसील नागदा के प.ह.न. 33 से 41, 47, 48, 50 से 66 तक, इस प्रकार कुल 28 पटवारी हलके समाविष्ट होंगे। प्रस्तावित तहसील उन्हेल के गठन के पश्चात शेष तहसील नागदा में तहसील नागदा के प.ह.न. 01 से 32,42 से 46 एवं 49 तक, कुल 38 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। जिले में नवीन तहसील उन्हेल के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये है। तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/ दफतरी/ बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1, भृत्य के 5 शामिल है। मंत्रिपरिषद द्वारा जिला बालाघाट में नवीन तहसील लामता का सृजन किया गया जिसमें वर्तमान तहसील बालाघाट के प.ह.न. 1 से 16 तक, इस प्रकार कुल 16 पटवारी हल्के समाविष्ट हांगे। प्रस्तावित तहसील लामता के गठन के पश्चात शेष बालाघाट तहसील में तहसील बालाघाट के प.ह.न. 17 से 56 तक कुल 40 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।

# अनूसूचित जाति छात्रावास के छात्र दाना पानी को तरसे, अधिकारियों ने कहा मध्य प्रदेश शासन में बजट नहीं।




नागेश नरवरिया

**भोपाल।** शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में छात्रों का धरना एवम भूख हड़ताल की पीछे 6 माह से छात्रावास में हो रही अनिमिताओं के खिलाफ छात्रों का रोज आज सामने आया छात्रों ने बताया कि छात्रावास में साफ पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते छात्रों को टॉयलेट एवं वॉशरूम के पानी को पीकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है जिसके कारण कई छात्र गंभीर रूप से बीमार हुए हैं इसकी सूचना वार्डन सर को दी गई थी किंतु उन्होंने छात्रों की शिकायत को नजर अंदाज किया है। छात्रों ने हॉस्टल से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में भी अपनी समस्या कही इसी के साथ उन्होंने बताया कि प्रत्येक छात्र के पास एक बेड एक मेष नहीं है जिससे कि उन्हें पढ़ने में सोने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है साथ ही छात्रों ने यह भी बताया की खाने की गुणवत्ता बहुत खराब है और हालिया परेशानी तब और बढ़ गई है जब से छात्रों को वह खाना दिये जाने की व्यवस्था को पूर्ण रूप से बंद करने का फरमान जारी कर दिया गया है जिसके कारण तमाम छात्र मजबूर है कि वह आंदोलन करें गौर करने की



बात है कि वार्डन द्वारा छात्रों को चिट्ठी लिखकर सूचित किया गया हैं कि शासन का किसी प्रकार का कोई बजट अभी आवंटित नहीं किया गया हैं। इसीलिए अब से आपको अपने खाने का इंतजाम या तो खुद करें या हॉस्टल को छोड़ दें छात्र पिछले दो दिनों से छात्रावास परिसर में भूख हड़ताल कर रहे हैं उनकी मांग है कि हॉस्टल के वॉर्डन संजय गौतम सर को पद से हटाया जाए एवं छात्रावास में नए वार्डन को प्रभात दिया जाए। इसी के साथ छात्र आज 12:00 कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नारे बाजी कर अपना रोष व्यक्त किया और अपना ज्ञापन सौंपा। आंदोलन में उपस्थित छत्रों मैं सोनू आहिर , संजय प्रजापति पवन सुमित साकेत, केशव मौर्य रजत, शिवम, मनोज, गौरव और (एसएफआई ) के राज्य उपाध्यक्ष दीपक पासवान इत्यादि छात्रों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राज्य सरकार को छात्रावास के संचालन बजट को बिना किसी रुकावट के तत्काल जारी करना चाहिए एवं इस बजट को और बढ़ाया जाने की आवश्यकता है ताकि हर छात्र भरपेट खाना खा पाए और पूरी शक्ति के साथ अध्ययन कर राज्य की तरक्की में अपनी हिस्सेदारी निभा पाए।

### छात्रों की मुख्य मांगे -

1. छात्रावास में स्वच्छ एवं साफ पानी की व्यवस्था की जाए अधूरे भोजन की जगह पूर्ण भोजन दिया जाए।
2. अधीक्षक द्वारा छात्रों को प्रताड़ित करना अनुचित है इसके खिलाफ कार्यवाही की जाए।
3. समय-समय पर छात्रावासों की जांच की जानी चाहिए जिससे की छात्रा अपनी समस्याएं उनके सामने रख सके।
4. छात्रावास के अपर्याप्त बजट को बढ़ाया जाना चाहिए एवं बजट को तुरंत रिलीज किया जाना चाहिए।
5. छात्रावास में दिए जा रहे खाने की गुणवत्ता को सुधारा जाना चाहिए।

# शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सकों की वाहक जनित रोगों के उन्मूलन हेतु एम्स में कार्यशाला संपन्न हुई





**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**


वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अतर्गत एम्स भोपाल के सहयोग से शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सकों की कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई। कार्यशाला में अध्यक्षता एम्स निर्देशक डॉ. अजय सिंह एवं अधीक्षक डॉ. राजेश मलिक द्वारा की गई। डॉ. सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मलेरिया उन्मूलन के लिए सभी सेवा योजन वर्गों को आगे आना चाहिए। समाज से सभी को सम्मिलित करना होगा। प्रायवेट चिकित्सकों का मलेरिया उन्मूलन के लिए बड़ा योगदान रहेगा। एम्स से डीन डॉ. मलिक ने भोपाल जिले द्वारा एम्स के सहयोग से कार्यशाला करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सराहना की। राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवार द्वारा उद्बोधन दिया गया जिसमें सभी के द्वारा सहयोग एवं समय पर त्वरित जांच के लिए बात की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा समस्त चिकित्सकों से अपील की गई कि मलेरिया एवं डेंगू की ट्रीटमेंट गाइडलाइन जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई है का पालन कड़ाई से कराया जाए और एम्स भोपाल में कार्यशाला का होना विभाग के लिए भी गौरव की बात है। कार्यक्रम में व्याखान में डॉ. राजकुमार पाटिल प्रोफेसर सीएफएम विभाग एम्स ने मलेरिया की भारत एवं मध्यप्रदेश में स्तिथि पर प्रकाश डाला। डॉ. रजनीश जोशी प्रोफेसर मेडिसिन विभाग द्वारा मलेरिया उपचार नीति वर्ष 2013 के विषय में चर्चा की गई।

डॉ. सीमा पी मोहंती मेडिसिन विभाग द्वारा डेंगू पेशेंट मैनेजमेंट एवं ईलाज के दौरान की जाने वाली 10 प्रमुख गलतियां एवं ईलाज में रखी जाने वाली सावधानियों के विषय में बताया गया। डॉ. अभिजीत पाखरे प्रोफेसर सीएफएम विभाग द्वारा वाहक जनित रोगों से बचाव एवं रोकथाम के विषय में बताया गया। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे द्वारा व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सक,प्राइवेट संस्थाओं के चिकित्सक उपस्थित हुए। फैमिली हेल्थ इंडिया की टीम द्वारा कैनोपी एवं सल्फी स्टैंड द्वारा डेंगू मुक्त भोपाल हेतु संकल्प लेने हेतु प्ररित किया गया। कार्यशाला में राज्य स्तर से एमएंडई सलाहकार भावना दुबे, कीट विज्ञान सलाहकार डॉ. सत्येंद्र पांडे, संभागीय कार्यालय से कीट विज्ञानी डॉ मनमोहन महुलिया, मलेरिया कार्यालय से जिला सलाहकार रुचि भार्गव,मलेरिया निरीक्षक उर्मिला सिंह,राजेश भार्गव, राकेश सोनपुर उपस्थित रहे ।

# जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग अनूपपुर उपाध्यक्ष बने जाकिर हुसैन लोगों ने दी बधाइयां



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा के अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष रजन कुमार राठौर द्वारा जाकिर हुसैन को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया और मनोनीत आदेश की प्रति प्रदेश कांग्रेस के सचिव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी पूर्व पार्षद रामाधार बैगा ,आशीष त्रिपाठी, वहीद खान और अध्यक्ष रजन कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। जाकिर हुसैन से उम्मीद की गई है कि आप अनूपपुर जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे और जिले का दौरा कर कांग्रेस पार्टी के उद्देश्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे किए गए कार्यों से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबीसी विभाग के माध्यम से प्रदेश कांग्रेश को प्रेषित करेगे ।जाकिर हुसैन की नियुक्ति पर जिला




कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह विधायक कोतमा सुनील सराफ, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को , प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी, श्रीधर शर्मा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल पूर्व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष करतार सिंह मनोज सराफ, आचार्य लक्ष्मणदास बाल योगी ब्लॉक अध्यक्ष वेदक पटेल एडवोकेट अखिलेश सिंह,वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी,डॉक्टर प्रवीण आशीष त्रिपाठी, डॉक्टर गणेश चटर्जी संतोष कुमार पांडेय, राकेश गुप्ता संजीव द्विवेदी, दिनेश बाबा पटेल प्रमोद शर्मा पार्षद रियाज मंसूरी,दीपक शुक्ला, विनोद सोनी, रामखेलावन राठौर,उमेश राय, तौहीद खान ,पुरषोत्तम चौधरी,सेवादल एहसान अली अंसारी, राम सजीवन गौतम,संदीप गर्ग, ,संतोष राठौर, उत्तम पटेल,रशीद मंसूर, नीलेश अग्रवाल आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।




# लीनेस क्लब ने डेड बॉडी फ्रीज़र बुढार अस्पताल में देकर समाज सेवा की पेश की मिसाल

**शहडोल।** जिले से गंगाधर चौधरी द्वारा। मंगलवार को लीनेस क्लब द्वारा शहडोल जिले शहडोल जिले के बुढार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी अस्पताल में एक डेड बॉडी फ्रिज प्रदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की। डैड बॉडी फ्रिज लिनेस बहनों के द्वारा एकत्रित राशि व बूढ़ार शहर के कुछ प्रबुद्ध नागरिकों को के सहयोग से की गई। बुढ़ार लीनेस क्लब अध्यक्ष श्रीमती आशा अग्रवाल ने दानदाताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

दानदाताओं बलमीत सिंह खनुजा, धनपुरी नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल रजनीश जैन, रिक्की दुआ, मेसर्स चेलाराम, आरती अग्रवाल व मानिकपुरी ने कहां की समाज सेवा के पद पर आने वाले सेवा कार्यों जनहित कार्यों के लिए हर संभव सहयोग के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर बीएमओ सचिन लीनेस ज्योति खनुजा , स्नेहलता गुप्ता, शैला गुप्ता, रजनी जैन, नागमणी मानिकपुरी, आरती खनुजा , अंजु दुआ, प्रतिमा जैन, अर्चना ओझा, बिंदा भगत, अंजु अग्रवाल, अंजना जैन, मोनिका अग्रवाल, श्यामा गुप्ता, बबीता जयसवाल, अंजलि मिश्रा, ज्योति सिंग, दिव्या रूहचन्दानी एवं , हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा ।

# सृजन एक पहल-शक्ति से सुरक्षा की ओर तथा मैं हूं अभिमन्यु अभियान का करियर कॉलेज में आयोजित किया गया समापन समारोह

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

पुलिस द्वारा प्रदेश में सृजन एक पहल-शक्ति से सुरक्षा की ओर अभियान का तथा और बालकों के मन में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से मैं हूं अभिमन्यु अभियान का संचालन किया गया। इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा मलिन बस्तियों में जाकर बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। भोपाल के करियर कॉलेज में 4 अक्टूबर को पुलिस और बचपन एनजीओ द्वारा सृजन एक पहल-शक्ति से सुरक्षा की ओर और मैं हूं अभिमन्यु अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सृजन अभियान से जुड़ी बालिकाओं और मैं हूं अभिमन्यु से जुड़े बालकों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने मार्शल आर्ट, गायन, नृत्य, पॉवर वॉक का प्रदर्शन कर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सृजन व मैं हूं अभिमन्यु अभियान से जुड़े 350 बालक-बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। वहीं प्रधान आरक्षक और




आरक्षक के साथ अभियान से जुड़े पुलिस कर्मचारियों का भी इस दौरान सम्मान किया गया। समापन समारोह में एडिशनल डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी, महिला एवं बाल विकास विभाग से करियर कॉलेज के चेयरमैन कॉलेज के एडवाइज़र बचपन एनजीओ कि निहारिका पंसोरिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, कॉलेज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया तत्पश्चात बालक-बालिकाओं ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसके बाद ÷मैं हूं अभिमन्यु÷ अभियान से जुड़े बालकों व सृजन अभियान से जुड़ी बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद बालिकाओं ने हर क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करते हुए उनकी वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके बाद सृजन के बालक और मैं हूं अभिमन्यु÷ अभियान के बालकों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसमें घरेलू हिंसा से संबंधित विषय को उठाकर सभी को जागरूक किया। इस शिविर में बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकारों, संविधान, करियर काउंसलिंग, योग, पीटी, स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों और शासन की जन हितैषी योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। साथ ही मोटिवेशनल स्पीच, सायबर क्राइम पर कार्यशाला और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के साथ ही उनकी छिपी प्रतिभा को भी निखारा गया। ये शिविर उदय, संगिनी, बचपन और आरंभ जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए गए। इनमें विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत पुलिस द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार और मलिन बस्तियों में रहने वाली बालिकाओं के कल्याण के लिए 'सृजन ‒ एक पहल-शक्ति से सुरक्षा की ओर' अभियान का संचालन किया गया।

# किसान कांग्रेस अनूपपुर की कार्यकारिणी हुई घोषित






अनूपपुर! आगामी विधानसभा चुनाव कों देखते हुए अनूपपुर किसान कांग्रेस ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की चुनावी में एक बड़ी जिम्मेदारी युवाओं को दिया गया है


जिला किसान कांग्रेस कमेटी
प्रेस विज्ञप्ति

जिसे की कांग्रेस को बूथ तक मजबूत करने का काम किया जा रहा है! आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की सभी 3 सीटों पर कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित करने के लिये कांग्रेस चुनाव के कुछ दिन पूर्व ही कार्यकारिणी का घोषणा कर दिया गया एवं कांग्रेस द्वारा संगठन से नाराज चल रहे कांग्रेसियों की नाराजगी को भी दूर कर पार्टी में सक्रिय करने का काम किया जा रहा है! किसान कांग्रेस अनूपपुर की कार्यकारिणी में राघवेंद्र चक्रवर्ती को किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बिजुरी एवं अनिल चौबे को ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा,एवं भास्कर मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष एवं कृष्ण कुमार उपाध्याय को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया! नियुक्ति के पक्ष सभी पदाधिकारी ने प्रदेश संगठन नेतृत्व और जिले के कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, कोतमा विधायक सुनील सराफ का आभार व्यक्त किया है।



# यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव में जन सेवा मित्र हल्केवीर ने किया जिले का प्रतिनिधित्व




**रायसेन।** मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र होने के नाते प्रशासन की विभिन्न इकाइयों में भाग लेने का मौका मिलता है। भोपाल के एनएलआईयू कैंपस में आयोजित यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव में प्रदेश के कोने-कोने से युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन का प्रथम उद्देश्य देश में सामाजिक आर्थिक महत्व के विषयों पर चर्चा करना होता है। इसमें जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे सीएम फेलो आदर्श कुमार दुबे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र हल्के वीर शामिल हुए। हल्के वीर ने बताया कि देश भर के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने युवाओं से चर्चा की। आए हुए विभिन्न प्रतिभाओं ने मंच पर टैलेंट हंट के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। कला, साहित्य, रंगमंच, प्रशासनिक सेवा, खेलकूद सहित विभिन्न विद्या के प्रदेश के श्रेष्ठ यंग अचीवर्स ने हिस्सा लेकर अपनी बात रखी। वहीं प्रदेश के 52 जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों के साथ मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने किया पौधारोपण।


## कविताएं

### अच्छे कर्म करों, बूरें कर्म को त्याग दो

मनुष्य का जीवन मिला है,
हमको इस जीवन का सदुपयोग करना चाहिए
ना कि हम इसका दुरूपयोग करें।
आते - जाते है लोग,
जीवन का है ये खेल।।

जो मनुष्य जीवन पाया,
दुनिया में उसका नाम हुआ।
पढ़ा - लिखा होना,
बुद्धिमानी का है खेल।।

पशु - पक्षी हो या मनुष्य,
हर किसी के पास है जीवन।
पढ़ाई - लिखाई है बस एक खेल,
जो जाना वही ज्ञान प्राप्त कर पायेगा।।



रजत डे
जगदलपुर (बस्तर)
छ.ग., धरमपुरा नं. 1
8718835379

# युवाओं के व्यक्तित्व का निर्माण कर रही मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना - राहुल लोधी

**रायसेन।** मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना का परिचय अनेक पहलुओं के आधार पर दिया जा सकता है इसके परिचय के कई सिरे हैं एक और यह विश्व का सबसे बड़ा इंटर्नशिप प्रोग्राम है तो वहीं दूसरी ओर लर्न एंड अर्न का प्रभावी मॉडल इसमें कहीं ना कहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की झलक स्पष्ट दिखाई देती है इसका प्रारंभ फरवरी 2023 में किया गया और वर्तमान में इसमें लगभग 9390 सीएम इंटर्न या जनसेवा मित्र कार्य कर रहे हैं जो अपनी आवंटित पंचायत में शासन की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचा रहे हैं सांची ब्लॉक के राहुल लोधी बताते हैं कि मैं स्वयं इस प्रक्रिया का हिस्सा विगत 8 माह से हु। यह योजना व्यक्तित्व विकास को सुनिश्चित करने का एक ऐसा दृढ़ आधार बनी है जो निश्चित तौर पर युवा शक्ति को भविष्य के लिए नय मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस योजना के प्रारंभिक चरण में सीएम इंटर्न बूट कैंप के दौरान कहा था कि यह इंटर्नशिप आपके व्यक्तित्व विकास का आधार बनेगी इस प्रक्रिया से निकलने के उपरांत और इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद आप रोजगार को नहीं अपितु रोजगार आपको खोजेगा, निश्चित तौर पर यह बात सत प्रतिशत सिद्ध होती प्रतीत होती है। इसमें समाजसेवा या जन जागरूकता करने के साथ-साथ युवाओं को 8 से 10 हजार स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाता है। इसमें युवा पंचायत में ग्रामीण जन को



संबंधित योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रयत्न करते हैं जिससे उनके व्यक्तित्व में अनेक कौशलो का विकास हुआ है। सभी इंटर्न को अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानो के ऐसे ऑनलाइन कोर्स इस अवधि में कारण गए जो भविष्य में होने रोजगार सृजन में सहायक होंगे ऐसे कौशल जिन्हें हम फ्यूचर ओरिएंटेड स्किल कहते हैं का विकास युवाओं में हुआ है। इसमें युवा जमीन स्तर पर सरकारी मशीनरी की कार्यकारिणी से परिचित होते हैं, प्रशासनिक संस्थाओं के संचालन को समझते हैं, विभिन्न नवाचारों के माध्यम से सरकारी योजनाओं को धरातल पर प्रसारित करते हैं इस योजना ने केवल व्यक्ति के जीवन को बदलने का कार्य नहीं अपितु समाज सुधार का आधार बना है यह मध्य प्रदेश शासन की एक परिवर्तनकारी, सार्थक योजना है। इसका संचालन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा किया जाता है जिला स्तर पर नियुक्त सीएम फेलो द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है की योजना के अनुरूप युवाओं का व्यक्तित्व विकास वास्तव में अर्जित किया जा सके जिले के सीएम फेलो आदर्श दुबे द्वारा निरंतर ही हम सभी इंटर्न को प्रोत्साहित और निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। वही राहुल लोधी बताते है जिला स्तर पर जिला क्रियान्वयन ईकाई भी समन्वय बनाने का कार्य करती है। इस योजना से युवाओं में विचार विमर्श की क्षमता,नेतृत्व क्षमता,कंप्यूटर कौशल और व्यावहारिक कौशल आदि का भी विकास हुआ है भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर एक सार्थक कदम है ऐसी परिवर्तनकारी और सार्थक योजना के संचालन करने के लिए और ऐसी महत्वाकांक्षी योजना को जमीन स्तर पर लागू करने के लिए निश्चित ही प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी शिवराज सिंह चौहान को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।




# शाहगंज संकुल के खटपुरा. स्कूल में सतरंगी बाल मेला का आयोजन किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार**

शाहगंज। जनशिक्षा केंद्र शाहगंज के हाई स्कूल खटपुरा में बाल मेले का अयोजन किया गया ,यह आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने पाठ्यक्रम के आधार पर स्टाल लगाए। जिसमें गणित, हिंदी, इंग्लिश,विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के विषय के विभिन्न स्टाल लगाए गए । इस कार्यक्रम में बच्चों सहित गांव की आंगनवाडी केन्द्र सहित गांव के लोगों ने मेले में बच्चों की प्रतिभा को देखा और सराहना की स्कूल के शिक्षकों ने भी इस बाल मेले में आपना सहयोग दिया। इस मेले में शासकीय कन्या शाला शाहगंज संकुल प्राचार्य श्री सुनील भार्गव, पूर्व संस्था प्राचार्य श्री सुरेश कुमार मेहर, श्री शेर सिंह बेलदार, सी एम ह्ड्डह्वद्ग शिक्षक कुमावत सर , शासकीय हाई स्कूल खटपुरा शाला प्रभारी घनश्याम प्रजापति, शिक्षक योगेश हनवत,रामभरोस वर्मा, अरविंद अहिरवार, बालक राम अहिरवार, दीपक चौहान, वरिष्ठ शिक्षक गिरजाशंकर पांडे, महेश पालीवाल शिक्षिका श्रीमती कृति अहिरवार, सिद्दीका मेंम, नाज़मीन फातिमा एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्था से चंदन लाल, प्रियंका गोस्वामी, स्वेता रोज़, विक्रम चैतयां ,संदीप मौर्य, राघवेन्द्र शर्मा, कुलदीप जाट एवं फातिमा द्वड्डह्व5द्वड्ड ने भाग लिया।



# चंदेरी महोत्सव से चंदेरी को देश-विदेश में मिलेगी ख्याति

**मध्यप्रदेश टूरिज्म और सनसेट डेजर्ट कैम्प का संयुक्त आयोजन**



**भोपाल।** चंदेरी साड़ियों के लिये विख्यात चंदेरी शहर अब चंदेरी महोत्सव के जरिये देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाएगा। महोत्सव के आयोजन से चंदेरी की समृद्ध संस्कृति पूरे देश और दुनिया के सामने आए। इंडियन आइडियल फेम एवं बालीवुड सिंगर हेमंत बृजवासी की संगीतमय प्रस्तुति के साथ चंदेरी महोत्सव का आगाज हुआ। चंदेरी महोत्सव के शुरुआत पांच दिनों तक लोक कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, ख्यात कालाकारों द्वारा लाइव संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी, डीजे नाइट्स होंगी, इसके साथ ही रोमांचित करने वाली साहसिक गतिविधियां भी होंगी। देशभर से आए ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेट्रर्स, होटेलियर सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों ने भी शहर की खूबसूरती को निहारा और महोत्सव के आयोजन को लेकर उत्सुकता जाहिर की। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने आयोजन को लेकर शुभकामनाएं दी और कहा कि चंदेरी देश और दुनिया में चंदेरी साड़ियों एवं हथकरघा के रूप में विख्यात है, लेकिन चंदेरी महोत्सव से यह एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में भी उभरेगा। स्थानीय समुदाय की भागीदारी से रोजगार सृजित होंगे साथ ही देशभर में चंदेरी एवं बुंदेलखंड की लोक-संस्कृति भी प्रचारित होगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैम्प के सहयोग से चंदेरी महोत्सव के पहले संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। चंदेरी महोत्सव के शुभारंभ के बाद शुक्रवार से सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी, लाइट एंड साउंड शो, हॉट एयर बलून ग्लो शो, राजा रानी महल, कवि सम्मेलन, स्थानीय व्यंजनों पर कार्यशाला जैसी गतिविधियां होंगी।

## 3 माह तक चलेगी टेंट सिटी

चंदेरी महोत्सव में 3 माह तक लक्ज़री टेंट सिटी का संचालन होगा। टेंट सिटी में आगंतुकों को स्थानीय व्यंजन का स्वाद चखने को मिलेगा। आर्ट एवं क्राफ्ट स्टॉल में स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रचारित करने विभिन्न सामग्रियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी।

# दलित महिला अफसर बहिन निशा बांगरे इस्तीफा को लेकर कर रही है न्याय पदयात्रा : महेश नंदमेहर एवं मूलचंद मेधोनिया समर्थन देकर होंगे शामिल




**भोपाल।** अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग के गरीब और वंचितों को तो परेशान होना आम तौर पर सभी जानते है। लेकिन भाजपा शासित प्रदेश सरकार ने दलित आदिवासी वर्ग के अफसरों को भी परेशान किया है। उन्हें सामाजिक कार्यों में शामिल न होने देना, धार्मिक आयोजन में भी न सम्मिलित न होने देना। यहां तक घर परिवार के भी कार्यक्रम में बंदिशें लगाई गई है। ऐसा ही डिप्टी कलेक्टर बहन निशा बांगरे का है। जिन्हें अपने ही निवास पर धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं होने का तुगलकी फरमान दिया गया था। जिस कृत्य से बहिन निशा बांगरे आहत हुई और उन्हें तथागत भगवान गौतम बौद्ध जी की अस्थि कलश यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित न होने से रोका गया। उन्हें अपने परिवार व सामाजिक लोगों से मिलने जैसा नियम विरुद्ध फरमान देकर मध्यप्रदेश सरकार व प्रशासन की सोच प्रगट की गई। जिसके परिणामस्वरूप निशा बहिन ने निर्णय लिया कि ऐसा पद किस काम का है जो कि सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठान में जाने पर रोक लगाई जा रही है। इस प्रकार के फरमान पर निशा बांगरे ने अपने डिप्टी कलेक्टर के पद पर इस्तीफा देने का अहम फैसला किया। उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। जिससे साफ तौर पर जाहिर है कि भाजपा के शासन में किस तरह के अन्याय, भेदभाव और उत्पीड़न किया गया है। इस्तीफा को लेकर न्याय यात्रा 335 किलोमीटर की दिनांक 28 सितंबर 2023 आमला से प्रारम्भ कर 9 अक्टूबर 2023 को भोपाल मुख्यमंत्री निवास आयेगी। जिस न्याय यात्रा में हजारों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित पिछड़ा वर्ग और अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों का समर्थन होगा। बहिन निशा बांगरे के साथ न्याय हो उनका त्याग पत्र स्वीकार किया जाये। इस न्याय पदयात्रा में *सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर एवं मूलचंद मेधोनिया राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के सैकड़ों प्रतिनिधियों के साथ बहिन निशा बांगरे की न्याय यात्रा में शामिल होंगे और भाजपा की दलित विरोधी योजना की निंदा की जायेगी। फाउंडेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों में श्री रामविलास तिलवारी, श्री सुम्मेर सिंह जाटव, श्री लोकेश नंदमेहर, श्री शोभराज गन्नौरे , श्री मुकेश चौधरी, श्रीमती सीमा राठौर, श्री नौमेश नंदमेहर अपने फाउण्डेशन के सैकड़ों लोगों के साथ बहिन निशा बांगरे की पद यात्रा में शामिल होकर जन समर्थन देंगे।

# भोपाल की मनीषा कीर ने एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर रच दिया इतिहास देश का सीना गर्व से किया चौड़ा।

## पूर्व कुश्ती चैंपियन नीलेश मालवीय ओर भोजपुर युवा नेता नीलेश दिवाकर के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत।।





**भोपाल।** तस्वीर के बीच में एक गरीब मछुआरे की बेटी, जिसने हवा में उड़ते लक्ष्य को मार गिराने का धैर्य मछली पकड़कर जीवन यापन करने की कला से विकसित किया। उनके दाहिनी ओर पटियाला शाही परिवार के वंशज की बेटी और बाई ओर मध्यप्रदेश के इटारसी के एक ऐसे परिवार की लड़की, जिसके पिता कभी ड्राई-क्लीन की दुकान चलाते थे। अब वह सेना में सबसे कम उम्र की महिला निशानेबाज में से एक है। चीन के हांगझोऊ में जीवन के तीन अलग-अलग चक्र एकसाथ आ गए। मनीषा कीर, राजेश्वरी कुमारी और प्रीति रजक ने मिलकर महिलाओं की टीम शूटिंग ट्रैप इवेंट में भारत का पहला रजत सिल्वर मेडल जीता।प्रीति रजक और मनीषा कीर को शुरू में एशियाड टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन ओपनिंग सेरेमनी से चंद रोज पहले बिना किसी स्पष्टीकरण के उन्हें स्क्वॉड में एंट्री मिल गई। चयन में असफलता के कारणों का भले ही आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया हो, लेकिन निशानेबाजों ने पदक के साथ अपने विरोधियों को गलत साबित कर दिया।

### मनीषा कीर: मछली पकड़ने से लेकर शॉटगन थामने तक का सफर

खासतौर पर मनीषा कीर, जिन्होंने चौथी सीरीज में सारे 25 लक्ष्य भेदकर भारत को पोडियम तक पहुंचाया। 24 वर्षीय यह शूटर वीमेंस सिंगल फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय भी थे, लेकिन छठे स्थान पर बाहर हो गई। मगर आखिरी में जगह की निशानेबाजी और टीम के लिए सिल्वर मेडल के साथ-साथ उन्होंने और भी बहुत कुछ हासिल किया। शॉटगन शूटिंग, जिसे राजपरिवार का खेल माना जाता है, वहां एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की आम लड़की का पहुंचना खास बात है।

### मनीषा को दिग्गज मानशेर सिंह ने दिया मौका

मनीषा कीर की निशानेबाजी की शुरुआत आकस्मिक थी। बचपन में वह अपने पिता के साथ मछलियां पकड़ने और बेचने जाया करती थीं। भारतीय निशानेबाजी के दिग्गज मानशेर से हुई अचानक मुलाकात ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। ओलिंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता, मानशेर पिछड़े बैकग्राउंड से आने वाले ऐसे ही लोगों की तलाश में हैं, जो शूटिंग जैसा महंगा खेल नहीं खेल सकते। एमपी राज्य अकादमी के भोपाल स्थित शूटिंग रेंज में उन्होंने एक ट्रायल के दौरान कोने में पीछे खड़ी मनीषा कीर को बेकार खड़ा देखा और उसे शूटिंग का मौका दिया। उस पल के बाद, मनीषा कीर ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, वह भारत की सबसे बेहतरीन महिला शॉटगन निशानेबाजों में से एक बन गईं।

# शहडोल नागपुर ट्रेन को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**रोहित तिवारी**

शहडोल। लंबे समय से इंतजार कर शहड़ोल के लोगो को आज एक बड़ी सौगात मिली है । एक दिवसीय शहड़ोल दौरे पर पहुचे सीएम शिवराज सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले शहड़ोल शहड़ोल स्टेशन के बाद बने पंडाल में एक छोटी आम सभा को संबोधित करते हुए शहड़ोल नागपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस दौरान मौजूद भीड़ में से किसी ने सीएम शिवराज मामा को आईलवयू कहा जिसका आईलवयू से रिप्लाई दे कर सीएम सतना के लिए रवाना हो गए शहड़ोल से नागपुर के लिए टर्न के लिए लगातार मांग की जा रही थी, इस मांग को पूरा करने के लिए सीएम शिवराज सिंह चौहान आज 10:35 में शहडोल रेवल स्टेशन के समीप पहुच कर पहले एक छोटी आम सभा को संबोधित किया ,जिसके बाद शहड़ोल प्लेट फार्म नं 3 से शहड़ोल नागपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया , इस दौरान लोगो का हुजूम इकट्ठा था, उस भीम में से किसी ने सीएम शिवराज को आईलवयू बोला तो सीएम रिप्लाई देते हुए आईलवयू का जवाब आईलवयू दिया आपको बता दें, सप्ताह में एक दिन सोमवार को यह ट्रेन नागपुर से सुबह 11: 45 पर रवाना होकर रात को 12:20 पर शहडोल पहुंचेगी। इसी प्रकार अगले दिन मंगलवार को शहडोल से ट्रेन सुबह 5 बजे रवाना होकर नागपुर शाम 6: 30 बजे पहुंचेगी। शहड़ोल से नागपुर ट्रेन की सौगात मिलने से लोगो मे काफी उत्साह देखने को मिला, इस दौरान ट्रेन में यात्रा करने आए लोगो ने ट्रेन की सौगात मोलने से सीएम शिवराज को धन्यवाद प्रेषित किया तो वही सीएम शिवराज सिंह चौहान ने रिप्लाई देते हुए शहड़ोल की जनता को अभिनंदन करते हुए लोगो केव बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर लोगो को बहोत बहोत बधाई दिया।

# अनुसूचित जाति जनजाति एकता महासंघ मध्यप्रदेश की बैठक सम्पन्न





**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग में अनेक सामाजिक संगठनों के माध्यम से सभी सामाजिक व्यक्तियों के द्वारा अपने अपने स्तर पर सामाजिक कार्य करते है। लेकिन महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश वर्मा जी एक ऐसे सामाजिक सरोकारों में से एक है। जिन्होंने अभी तक मध्यप्रदेश के 11 जिलों में भ्रमण व पद यात्रा के जरिए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को एक करने में जुटे हुए है। भोपाल शहर के माता मंदिर चौराहा पर इंजीनियर संजीव सक्सेना के कार्यालय पर महासंघ की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता श्री महेश नंदमेहर राष्ट्रीय अध्यक्ष सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत ने की। जबकि मुख्य अतिथि श्री जगदीश वर्मा है रहे। सामाजिक एकजुटता और उत्थान हेतु अनेक महत्वपूर्ण चर्चा व संगठन विस्तार को लेकर सभी ने अपनी राह रखी। बैठक को श्री दुलीचंद पटेल ने एवं संतोष कमल वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार अपनी राह व चिंतन कर सभी को सद्भाव बना कर काम करने पर जोर दिया। बैठक में मूलचंद मेधोनिया पत्रकार ने भी अपना परिचय के माध्यम से सामाजिक वरिष्ठ समाजसेवीयों के बीच में बताया कि सभी राजनैतिक दलों के द्वारा हमारे महापुरुषों व महान क्रांतिकारी शहीद व वीरों को छुपाने का भरपूर काम किया। उन्होंने बताया कि मेरे दादा शूरवीर मनीराम अहिरवार जी गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जूदेव के राजमहल में सेवादार थे। जिन्होंने सन् 19 42 के महात्मा गांधी जी के आवाहन पर अपने गोंड राजा के महल की सुरक्षा करते हुए अंग्रेजों से युद्ध लड़ा और फिर उन्हें घायल कर गांव से खदेड़ दिया। ऐसे मेरे पूजनीय दादाजी का आजादी का योगदान का कम आंका गया और इतिहास में दर्ज तक नहीं किया गया। जबकि उनके युद्ध में उन पर अंग्रेजों की चलीं गोलियों में से वीरांगना गौरादेवी कतिया जी की शहादत हुई थी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि हमारे सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा हमारी आवाज उठा कर सम्मान दें रहे है। महासंघ की बैठक में श्री सुम्मेर सिंह जाटव , श्री भोजराज चौसुरिया, श्री समरत लाल अहिरवार, रुपसिंह अहिरवार, श्री सोदान सिंह जाटव, श्री जगदीश जाटव, श्री श्रीवास, श्री दिनेश रावत, श्री दीपक वंशकार इत्यादि सामाजिक लोगों ने भी अपनी-अपनी राह रखी। बैठक के अंत में अध्यक्षीय वक्तव्य श्री महेश नंदमेहर ने दिये उन्होंने महासंघ को तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। तथा सभी को एकजुट रहने का संदेश दिया। महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने इस बैठक में उन्हें अपना मुख्य संरक्षक मानकर उन्हें पत्र देकर सम्मानित किया।

# लघु समाचार पत्रों को मिलेगा हर दो माह में विज्ञापन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पत्रकार समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका निभाते हैं। पत्रकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज होते हैं। पत्रकारिता एक धर्म है, जिसके निर्वहन के लिए पत्रकार युद्ध, बाढ़, भूकम्प जैसी विपरीत स्थितियों में भी जीवन दांव पर लगाकर कार्य करते हैं। जब विपत्तियों में लोग सुरक्षित स्थान खोजते हैं, तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। स्टेट मीडिया सेंटर भविष्य के ऐसे वृट वृक्ष के बीज रोपे जा रहे हैं, जिनसे अनुभवों की शाखाओं पर अनंत आशाएं साकार होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मालवीय नगर भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर के लिए भूमि पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लघु समाचार पत्रों को एक माह के अंतराल से विज्ञापन जारी करने और 70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड प्रदान करने की घोषणा की। हर साल पांच महिला पत्रकारों को महिला विकास कार्यों पर अध्ययन के लिए फैलोशिप प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार समाज को प्राप्त वो आश्वासन है, जिनके होने से सुनवाई सुनिश्चित है। राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों के स्याही का अमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र के प्राण हैं। मध्यप्रदेश की भूमि से पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता के पुरोधा बने। इसी धरती पर श्री हरिशंकर परसाई जैसे व्यंग्यकार हुए जिन्होंने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। स्व. श्री वेदप्रताप वैदिक ने हिंदी की प्रतिष्ठा के लिए कार्य किया। स्व. श्री प्रभाष जोशी ने नई भाषा दी। एक दौर था जब स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों ने भागीदारी की और परतंत्रता की बेड़ियां तोड़ने का कार्य किया।

# सामान्य प्लाज्मा से शुरू होकर बोन मैरो तक फैलता है मल्टीपल मायलोमा

## हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बुरी तरह प्रभावित करता है कैंसर का प्रकार मल्टीपल मायलोमा

मल्टीपल मायलोमा एक प्रकार का कैंसर है, जो सफेद रक्त कोशिका में बनता है। इसे प्लाज्मा सेल्स कहा जाता है। सफेद रक्त कोशिका हमारे शरीर को कीटाणुओं से बचाने का काम करता है। इस तरह देखा जाए, तो यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिए बहुत ही उपयोगी है। अगर हम मल्टीपल मायलोमा की बात करें, तो इसके तहत, कैंसर बेस्ड प्लाज्मा सेल्स बोन मैरो में जमा होती हैं। बोन मैरो हड्डियों के अंदर मौजूद सॉफ्ट टिश्यूज होते हैं। प्लाज्मा सेल्स एंटीबॉडीज बनाती हैं और शरीर को बाहरी कीटाणु से बचाती है। जब ये बोन मैरो में जमा होती है, तो हेल्दी ब्लड सेल्स को बाहर की ओर निकालती है। नतीजतन सहायक एंटीबॉडी पैदा करने के बजाय, कैंसर सेल्स असामान्य प्रोटीन उत्पन्न करती है। यह स्थिति शरीर के लिए सही नहीं है। क्योंकि अगर आपके शरीर में मौजूद प्लाज्मा सेल्स अच्छी तरह से काम न करे, तो मायलोमा विकसित होने लगता है। मायलोमा की वजह से हड्डियों में तकलीफ और घाव होने लगते हैं। यही नहीं, फ्रेक्चर होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी के साथ ही शुरू हो जाता है मल्टीपल मायलोमा की आशंका। इस लेख में हम जानेंगे कि मल्टीपल मायलोमा क्यों होता है, इसके लक्षण और बचने के उपाय।

### मल्टीपल मायलोमा की वजह

वैसे तो अभी तक मल्टीपल मायलोमा होने की सटीक वजह का पता नहीं है, लेकिन माना जाता है कि इसकी शुरुआत एक सामान्य प्लाज्मा से शुरू होती है, जो कि बोन मैरो तक फैलती है। इसके अलावा, यह भी देखने में आया है कि मायलोमा कोशिकाओं का जीवन चक्र नियमित नहीं होता है। ये कोशिकाएं बढ़ने के बजाय लगातार विभाजित होती हैं और फिर मर जाती हैं। यह स्थिति शरीर के लिए सही नहीं है। इसकी वजह से शरीर में हेल्दी सेल्स का प्रोडक्शन सही तरह से नहीं हो पाता है।

### मल्टीपल मायलोमा के लक्षण

मल्टीपल मायलोमा के मरीजों में अलग-अलग लक्षण देखने को मिलते है। इसके अलावा, यह बीमारी बच्चों से लेकर वयस्कों तक होती है। अगर बच्चों की बात करें, उनमें इस बीमारी के होने पर कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं, जैसे कमजोरी, सुस्ती और कम हीमोग्लोबिन के कारण मांसपेशियों में दर्द, बुखार के रूप में बार-बार होने वाले संक्रमण, सांस फूलना। सेल काउंट और किसी भी अंग के संक्रमण से संबंधित लक्षण जैसे खांसी, दस्त, मतली और उल्टी होना। रक्तस्राव मसूड़ों, नाक, पेशाब में भी दिक्कत हो सकती है। इसके साथ ही, हड्डियों में दर्द, लिम्फ नोड (शरीर में मौजूद छोटे आकर की ग्रंथियां) में वृद्धि, सिरदर्द, लीवर में परेशानी, मसूड़ों में सूजन, आंखों का कमजोर होना, किसी तरह की फोकल न्यूरोलॉजिकल कमजोरी, त्वचा में रक्तस्राव के साथ भी हो सकते हैं।' इसके अलावा, वयस्कों में जो लक्षण दिखाई देते हैं, वे इस प्रकार हैं, एनीमिया की समस्या, ज्यादा प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, शरीर में पानी की कमी होना, गुर्दे की समस्याएं और किडनी का फेल होना, कब्ज की समस्या, पेट में दर्द, भूख में कमी, कमजोरी महसूस करना, भ्रम की स्थिति, त्वचा में खुरदरापन महसूस होना।

### मल्टीपल मायलोमा से बचाव

मल्टीपल मायलोमा एक ऐसी बीमारी है, इसकी वजह जानकर लक्षणों इसके जोखिम को कम किया जा सकता है। इस तरह इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आप हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं, धूम्रपान न करें और समय-समय पर अपना चेकअप करवाते रहें। इसके साथ ही, नियमित एक्सरसाइज करें, अच्छी डाइट लें, कोई दवा चल रही है, तो उसका सेवन करें और अगर किसी भी तरह का असामान्य रक्तस्त्रव हो, तो उसे नजरअंदाज न करें।

अगर बच्चों में इस गंभीर बीमारी के लक्षण दिखाई दे, तो उन्हें बाल रोग विशेषज्ञ के पास तुरंत ले जाएं। यदि ऐसे कोई संकेत हैं, तो उन्हें एनीमिया, ल्यूकोपेनिया, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया और किसी भी असामान्य कोशिकाओं की उपस्थिति देखने के लिए पेरिफेरल ब्लड स्मीयर जांच के साथ ब्लड काउंट करवाना चाहिए। यदि सीबीसी में कोई असामान्यता मौजूद है, तो उन्हें प्रॉपर ट्रीटमेंट के लिए तुरंत हेमेटोलॉजिस्ट के पास भेजा जाना चाहिए।



# सांसों की बदबू दूर करने के लिए लें घरेलू उपायों की मदद

सांसों से आती बदबू कई बार शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। कई लोग इस समस्या को दूर करने के लिए कई तरह की दवाइयों के सेवन के साथ माउथ फ्रेशनर का भी इस्तेमल करना शुरू कर देते हैं। ये माउथ फ्रेशनर थोड़े समय के लिए ही मुंह की बदबू को दूर करते हैं। ये माउथ फ्रेशनर कई बार बहुत महंगे भी होते हैं। इनका नियमित इस्तेमाल शरीर के लिए हानिकारक हो सकता हैं। ऐसे में सांसों की बदबू को दूर करने के लिए इन घरेलू उपायों की मदद ली जा सकती हैं। साथ ही इनके उपयोग से शरीर को कोई नुकसान भी नहीं होगा। आइए जानते हैं सांसों की बदबू को दूर करने के लिए घरेलू उपायों के बार में।

### दो बार ब्रश करें

जी हां, दिन में दो बार ब्रश करने से भी सांसों की बदबू को आसानी से दूर किया जा सकता हैं। ब्रश करने से मुंह की गंदगी साफ होती हैं और सांसों में आने वाली बदबू भी दूर होती हैं। मुंह को साफ करने के लिए रात को भी ब्रश करके अवश्य सोएं।

### सौंफ चबाएं

सौंफ शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसको चबाने से शरीर की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं और सांसों से आ रही बदबू भी दूर होती है। सौंफ खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और शरीर भी हेल्दी रहता है। सौंफ

### लौंग

औषधीय गुणों से भरपूर लौंग सांसों की बदबू को भी आसानी से दूर करते हैं। सांसों की बदबू को दूर करने के लिए लौंग को हल्का सा भून लें। अब उसके एयर टाइट कंटेनर में रख लें। जब जरूरत लगे, तो 1 या 2 लौंग लेकर चबाएं। ऐसा नियमित करने से इम्यूनिटी भी मजबूत होगी और गले का इंफेक्शन आदि भी दूर होगा।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी शरीर की कई समस्याओं को आसानी से दूर करती हैं। इसके सेवन से वजन कम करने में मदद मिलती है और शरीर भी हेल्दी रहता है।

# सविंधान के साथ छेड़खानी की तो पूरे देश मे कोहराम मचा देंगे-गब्बर सिंह





**नागेश नरवरिया**

**भोपाल।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में भीम आर्मी अध्यक्ष गब्बर सिंह जी के नेतृत्व में सिरोंज लटेरी विधानसभा में निकाली जा रही संविधान बचाओ पैदल यात्रा का सिरोंज लटेरी में 150 किलो मीटर पैदल यात्रा के बाद आज सिरोंज पुरानी बस स्टैंड डॉ आंबेडकर बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर समापन हुआ। 1 अक्टूबर से प्रारंभ हुई पैदल संविधान बचाओ यात्रा ग्राम मुरवास से प्रारंभ हुई जो लटेरी तहसील के विभिन्न गांवों से होते हुए पहले दिन लटेरी में यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ 2 अक्टूबर को लटेरी से सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई जो वीरपुर मलानिया से होती हुई आनन्दपुर पहुँची जहाँ यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ 3 अक्तूबर को यात्रा ने सिरोंज क्षेत्र के विभिन्न गांव में प्रवेश किया और उसके बाद 4 अक्टूबर को संविधान बचाओ पैदल यात्रा मुगलसराय गरेठा से होती हुई भौरिया पहुंची 5 अक्टूबर को यह यात्रा सिरोंज में प्रवेश हुई रोलपुरा चौराहे से पैदल संविधान बचाओ यात्रा सिरोंज छतरी नाका, से कस्टम पथ ,मुख्य बाजार से पुरानी बसस्टैंड डॉ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पहुँचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पैदल यात्रा का समापन हुअ भीम आर्मी पदाधिकारियों ने बताया सविंधान बचाओ पैदल यात्रा 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक गांव-गांव में यात्रा को भरपूर समर्थन मिला सभी ग्रामवासी पैदल यात्रा के साथ कदम से कदम मिलाकर चले भीम आर्मी के कार्यकर्तओं ने भूखे प्यासे रहकर इस यात्रा को सफल बनाया यात्रा में एक रथ भी साथ मे जो बहुत ही आकर्षक था ग्रामवासियो ने जगह- जगह यात्रा में चल रहे पदयात्रियो का फूल माला पहनाकर स्वागत किया यात्रा में कार्यकर्ता सविंधान बचाओ, सत्ता परिवर्तन ,देश बचाने, लोकतंत्र बचाने जैसे नारे लगा रहे थे यात्रा में कार्यकर्ताओं ने भारी भरपूर जोश उत्साह दिखाई दिया। गाँवो में फसल कटाई के बाबजूद भी जिस समय फसल काटने के 400-500 रु पर व्यक्ति मिल रहे है ऐसे समय मे लोगो ने अपनी खड़ी फसल छोड़कर यात्रा में पूरे -पूरे दिन पैदल चलकर साथ दिया। भीम आर्मी अध्यक्ष गब्बर सिंह जी ने बताया आज देश मे जिस प्रकार, सविंधान ,लोकतंत्र पर हमला हो रहा है वो बहुत ही निंदनीय है जिस सविंधान को डॉ अम्बेडकर ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में कड़ी मेहनत सँघर्ष करके बनाया कुछ लोग उसको खत्म करने की बात कर रहे है एक ऐसा सविंधान जो हर वर्ग,जाति, धर्म के व्यक्ति को स्वंत्रता समानता का अधिकार देता है सभी को न्याय ,बंधुत्व ,भाईचारे का पाठ सिखाता है ऐसे सविंधान को लोग खत्म करना चाहते है असल मे जब तक भारतीय सविंधान सुरक्षित है तक तक इस देश मे गरीब शोषित, पीड़ित,वंचित ,पिछड़ा ,मुस्लिम,आदिवासी वर्ग आजाद है यह सविंधान को बचाने के लिए हम किसी भी हद तक जा सकते है। देश मे कोई सी भी पार्टी हो इन वर्ग के साथ शुरू से ही छ्लावा किया है इन वर्ग के वोट से मतलब है जब इन वर्गो के हक अधिकार की बात आ जाती है तो सारे दल चुप्पी साध लेते है आज लोग सिर्फ भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी का साथ दे रहे है क्योंकि भीम आर्मी ही शोषित वंचित वर्ग के हर मुद्दे पर सर्वप्रथम सबसे पहले खड़ी होती है जमीन पर सँघर्ष करना इसकी पहचान है इस दौरान यात्रा में लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष नीतेश राज, कादिर,जितेंद्र पर प्रभाकर, सोनू, भीम आर्मी विदिशा जिलाध्यक्ष रीना चौधरी,पायल,बीएसएफ जिलाध्यक्ष विक्रम अहिरवार ,जीवन अहिरवार, सी एस बौद्ध ,,माखन सिंह, कल्याण सिंह,नितेश चौधरी,कन्हिया,बुन्देल सिंह ,टीकाराम,संतोष विश्वकर्मा, जगदीश अहिरवार,डॉ लल्लू अहिरवार ,सुनील ,भारत, सुदर्शन ,अभिषेक,निर्मल ,कल्लू जैसे सैकड़ो कार्यकर्ता यात्रा में शामिल रहे।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चलाया स्वच्छता श्रमदान अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर महात्मा गांधी के जन्म दिन से एक दिन पूर्व देश भर में एक घंटे का स्वच्छता श्रमदान अभियान चला। कल (2 अक्टूबर) के अखबारों में आप पढ़ेंगे और टी.वी. पर देखेंगे कि कैसे बड़े-बड़े नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी गण, स्कूली बच्चे 'सफाई श्रमदान' में जुटे हैं। सफाई के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह अच्छा कदम है किन्तु यह रस्म अदायगी भर है, सच्चे हृदय से किया गया श्रमदान प्रतीत नहीं होता। सफाई की महत्ता क्या है, यह हमने बचपन से ही जान लिया था। हमारे परनाना हरदोई जिले से मुजफ्फरनगर आकर सेनेटरी इंस्पेक्टर पद पर नियुक्त हुए। बाद में नाना जी ब्रज बहादुर उनके स्थान पर तैनात हुए। तब चीफ इंस्पेक्टर राजकुमार अस्थाना थे। दो सफाई निरीक्षक और तैनात थे। नई मेडी की स्थापना हो चुकी थी। चारों सुबह 4 बजे उठ कर पूरे शहर मंडी का दौरा करने और सफाई कराने घोड़ी पर निकल जाते और 8 बजे घर लौट आते। 10 बजे चुंगी के दफ्तर (पालिका कार्यालय) जाते थे। सड़?कों, नालों, नालियों में तिनका भी नज़र नहीं आता था। आज स्थिति यह है कि जिला अस्पताल के सी.एम.ओ. कार्यालय के पास, अस्पताल की दीवार के ठीक बराबर में गन्दगी, कूड़े के अम्बार लगते है। लद्धावाला जाने वाले रस्ते, शिवचौक पर हनुमान मन्दिर के ठीक सामने और मुख्य सड़?क मेरठ रोड पर बर्फखाने के पास, उससे आगे मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पम्प के नजदीक दिन-रात कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। सफाई कर्मी 10 बजे आकर कूड़ा, गन्दगी उठाते हैं जिसकी दुर्गन्ध व गर्द आसपास की खाद्य पदार्थों की दुकानों पर उड़-उड़? कर जमती रहती है। शामली रोड, काली नदी का हाल बुरा है। भोपा रोड पर मॉल के समीप भी यही हाल है। कई दशकों से कूड़ा निस्तारण प्लांट की बात हवा में तैर रही है। शहर-मंडी में सफ़ाई की स्थिति नियंत्रण से बाहर है। नागरिक अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों का कूड़ा पन्नी में भर के रोज नालियों के हवाले करते हैं। और तो और, तीर्थनगरी शुक्रताल की सोलानी नदी गंदगी से अटी पड़ी है। सफाई कर्मी चेयरमैन के आवास के सामने गन्दगी का ढेर लगा कर अपनी मांगें मनवा लेते हैं और नालियों में रोज कूड़ा सरकाने वाले नागरिक नगरपालिका व सरकार को कोसते रहते हैं।

# बलात्कार से बिक्री तक


बच्ची रोती-बिलखती, दर-दर गुहार करती रही, लेकिन उस कथित पवित्र शहर का असली चेहरा लगातार बेनकाब होता रहा। इतनी बेरुखी, संवेदनहीनता, तटस्थता सामने आती रही कि एक जिंदगी मर रही है, लेकिन घरों के दरवाजे बंद हैं! यही घोर कलियुग है। यह हमारे समाज और देश में हररोज घट रहा है। हररोज बलात्कार और सामूहिक दुष्कर्म, हत्या अथवा जला देने के जो औसत, दर्ज आंकड़े सामने आते रहे हैं, वे बेहद कम हैं।

महाकाल ज्योतिर्लिंग, महादेव और मंदिरों के शहर उज्जैन में 12 वर्षीय नाबालिग कन्या के साथ न केवल क्रूर बलात्कार किया गया, बल्कि उसे घायल कर लावारिस छोड़ दिया गया। उस बच्ची की रक्षा करने न तो कोई दैवीय करिश्मा हुआ और न ही किसी नागरिक ने उसकी पीड़ा साझा कर मदद करने की कोशिश की। उसे अस्पताल तक पहुंचाने की इनसानियत भी नदारद रही। बच्ची रोती-बिलखती, दर-दर गुहार करती रही, लेकिन उस कथित पवित्र शहर का असली चेहरा लगातार बेनकाब होता रहा। इतनी बेरुखी, संवेदनहीनता, तटस्थता सामने आती रही कि एक जिंदगी मर रही है, लेकिन घरों के दरवाजे बंद हैं! यही घोर कलियुग है। यह हमारे समाज और देश में हररोज घट रहा है। हररोज बलात्कार और सामूहिक दुष्कर्म, हत्या अथवा जला देने के जो औसत, दर्ज आंकड़े सामने आते रहे हैं, वे बेहद कम हैं। यह दरिंदगी, हवस और पाशविकता हम राजधानी दिल्ली में भी देखते रहे हैं। अभी हाल ही में 'आज तक' ने छिपे कैमरे से एक ऑपरेशन किया। मन-मस्तिष्क चीत्कार कर उठा। बेटियां अपने घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। मामा, चाचा, मौसी आदि परिजन ही घर की बेटियां बेच रहे हैं। लाखों रुपए में बेटियों-बहनों की सौदेबाजी की जा रही है। हलफनामे भरे जा रहे हैं। ग्राहकों को तसल्ली दी जा रही है कि आप लड़कियों के साथ कुछ भी कर सकते हो! भारत के



भीतर का एक और भारत यह भी है। एक रपट ने खुलासा किया है कि करीब 13 लाख बेटियां, बहनें, माताएं और देश की महिलाएं गायब हैं, लापता हैं। वे स्त्रियां कहां गईं? कैसे लापता हुईं? पुलिस-व्यवस्था ने क्या किया? उन्हें कौन 'दरिंदे' लूट गए? क्या वे भारत की नारियां 'वेश्यालय' तक पहुंचा दी गई हैं अथवा विदेशों में तस्करी की गई हैं? बेहद झकझोर देने वाले सवाल हैं। किसी देश की 13 लाख कन्याएं और महिलाएं लापता हो जाएं और यह मुद्दा संसद में न उठे, इससे बड़ी हैरानी और संवेदनहीनता क्या होगी? संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण अब एक कानून बन चुका है। राष्ट्रपति हस्ताक्षर कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे चुनावी मुद्दा बना दिया है और महिलाओं का व्यापक समर्थन हासिल करने को व्यग्र हैं। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के वाहन के चारों ओर महिलाओं का घेरा बनाया जाने लगा है। स्पष्ट अर्थ है कि प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा को महिलाओं का समर्थन और सहयोग सुनिश्चित किया जा चुका है, लेकिन प्रधानमंत्री से हमने आज तक इस सरोकार के शब्द तक नहीं सुने कि 13 लाख स्त्रियां क्यों, कहां गायब कर दी गईं? वे सभी देश की सम्मानित नागरिक हैं, आधी-शक्ति की प्रतीक हैं और कई लाख तो मतदाता भी होंगी! वह देश के प्रधानमंत्री हैं, सभी संसाधन, स्रोत और शक्तियां उन्हें संविधान ने प्रदान की हैं। जिस देवनगरी में नाबालिग की इज्जत तार-तार की गई थी, वह मध्यप्रदेश का ही एक शहर है, जहां भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री उस राज्य में वोट मांग रहे हैं, सत्ता को बरकरार रखने के प्रयास और प्रयोग किए जा रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तलब कर पूछा क्यों नहीं कि महादेव के शहर में ऐसा क्यों हुआ? आज मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला आया है, जिसमें तमिलनाडु के 215 अफसरों, कर्मचारियों को पुन‍ दंडित किया गया है। 1992 में वाचथी गांव में 18 महिलाओं के साथ दरिंदगी की हदें पार की गईं। 32 साल बाद फैसला आया है। इस बीच 54 आरोपितों की मौत भी हो चुकी है। तब 8 माह की गर्भवती औरत और 13 साल की बच्ची को भी दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। यह देश का कैसा न्याय है? दुष्कर्म, क्रूरता, हवस के मामलों में भी 32 साल तक मामला अदालतों में लटका रहेगा, तो फिर किसकी जिंदगी सुरक्षित मानी जा सकती है?

## नई कैंसर प्रत्यारोपण तकनीक से मौतों में 50 प्रतिशत की कमी आ सकती है



अमेरिकी वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक नई सेंस-एंड-रिस्पॉन्ड इम्प्लांट तकनीक विकसित की है जो कैंसर से संबंधित मौतों को 50 प्रतिशत से अधिक कम कर सकती है। राइस यूनिवर्सिटी की टीम इम्प्लांट, या हाइब्रिड एडवांस्ड मॉलिक्यूलर मैन्युफैक्चरिंग रेगुलेटर (एचएएमएमआर) के विकास और परीक्षण को तेजी से ट्रैक करेगी, जिसका उद्देश्य डिम्बग्रंथि, अग्नाशय और अन्य कठिन-से-इलाज वाले कैंसर के रोगियों के लिए इम्यूनोथेरेपी परिणामों में नाटकीय रूप से सुधार करना है। एचएएमएमआर, जो इतना छोटा है कि इसे न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी के साथ प्रत्यारोपित किया जा सकता है, कैंसर की निगरानी करेगा और ग्लूकोज मॉनिटर की तरह वास्तविक समय में इम्यूनोथेरेपी खुराक को समायोजित करेगा। एसोसिएट प्रोफेसर, बायोइंजीनियर ओमिद वीसेह ने कहा, मरीजों को अस्पताल के बिस्तरों, आईवी बैग और बाहरी मॉनिटरों से बांधने के बजाय, हम एक छोटे उपकरण को प्रत्यारोपित करने के लिए एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया का उपयोग करेंगे जो लगातार उनके कैंसर की निगरानी करेगा और वास्तविक समय में उनकी इम्यूनोथेरेपी खुराक को समायोजित करेगा ।चावल पर. इस तरह की क्लोज्ड-लूप थेरेपी का उपयोग मधुमेह के प्रबंधन के लिए किया गया है, जहां आपके पास एक ग्लूकोज मॉनिटर होता है जो लगातार इंसुलिन पंप से बात करता है। लेकिन कैंसर इम्यूनोथेरेपी के लिए, यह क्रांतिकारी है। स्वास्थ्य के लिए उन्नत अनुसंधान परियोजना एजेंसी ने प्रत्यारोपण के तेजी से विकास के लिए 45 मिलियन का पुरस्कार दिया, जिसमें पांच वर्षों के भीतर पहले चरण के नैदानिक परीक्षण के लिए धन शामिल है। वीसेह ने बताया कि यह तकनीक मोटे तौर पर पेरिटोनियल कैंसर के लिए लागू है जो अग्न्याशय, यकृत, फेफड़े और अन्य अंगों को प्रभावित करते हैं।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 में इंदौर बना ओवरऑल चैंपियन

**भोपाल।** खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 का समापन गुरुवार को हुआ। पहले खेलो एमपी यूथ गेम्स में इंदौर ज़िले ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफ़ी अपने नाम की। इंदौर 42 स्वर्ण, 32 रजत और 24 कांस्य सहित कुल 98 पदक लेकर पहले स्थान पर रहा। जबलपुर 24 स्वर्ण, 27 रजत और 35 कांस्य पदक, कुल 86 पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भोपाल 24 स्वर्ण, 27 रजत और 35 कांस्य पदक लेकर कुल 77 पदक के साथ तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। उज्जैन 9 स्वर्ण, 13 रजत और 17 कांस्य पदक सहित कुल 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। टी.टी. नगर स्टेडियम में हुए समापन समारोह में अपर मुख्य सचिव गृह श्री राजेश राजौरा ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ये बहुत ही गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य बनकर उभरा है, जहाँ पर विकासखंड स्तर से लेकर जिला संभाग और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें लगभग एक लाख खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स और आईएसएसएफ़ वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता की सफलता ने मध्यप्रदेश को एक नये मुक़ाम पर पहुँचा दिया है। जो प्रतिभा देखने का मौक़ा मिला है वो अद्भुत है। समाज में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में बाज़ी मार रहा है। एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने एक नया इतिहास रच दिया है। खेलों एमपी यूथ गेम्स से ऐसे खिलाड़ी निश्चित तौर पर उभरकर आएँगे, जो भविष्य में अपना नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रोशन करेंगे। श्री राजौरा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों से नई प्रतिभाएँ उभर कर आ रही हैं। अब हर वर्ष खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन होगा तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन देखने मिलेंगे।

## TECH

# कब होगा लॉन्च Redmi 13C स्मार्टफोन

एRedmi 13C स्मार्टफोन बीते कुछ दिनों से चर्चाओं में है। हाल में एक रिपोर्ट में पता चला था कि कंपनी साल के आखिर में इस फोन को लॉन्च कर सकती है। Redmi 13C के रेंडर भी सामने आए हैं। इनसे डिजाइन का पता चलता है और यह भी कहा जा रहा है कि फोन को 3 कलर ऑप्शंस- लाइट ग्रीन, ब्लैक और ब्लू में पेश किया जाएगा। अब एक और रिपोर्ट में दावा किया गया है कि IMEI डेटाबेस में Redmi 13C को देखा गया है। हालांकि वहां यह नाम कन्फर्म नहीं है। Xiaomiui की रिपोर्ट में कहा गया है कि IMEI डेटाबेस में अपकमिंग Redmi 13C मिला। लिस्टिंग में डिवाइस के नाम का उल्लेख नहीं है। लिस्टिंग से पता चला है कि अपकमिंग फोन 3 मॉडल नंबरों के साथ आएगा। चीन के लिए इसका मॉडल नंबर 23124RN}|C होगा। भारत के लिए 23124ऋह्87ह्र मॉडल नंबर होगा, जबकि ग?लोबल



वेरिएंट का मॉडल नंबर 23124RN87G होगा। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, फोन का कोडनेम एयर और इसका मॉडल नंबर CxV है। कहा जाता है कि फोन में मीडियाटेक का प्रोसेसर दिया जाएगा। यह फोन एंड्रॉयड 13 ओएस पर चलेगा जिस पर MIUI 14 की लेयर होगी। फोन में दिसंबर की शुरुआत में पेश किया जा सकता है।

## लाइफ स्टाइल

# खत्म हो जाएगी धरती ,NASA ने कर दिया तारीख का ऐलान

आपने कई बार दुनिया के खत्म होने की भविष्यवाणी सुनी होगी. कई प्राचीन कैलेंडर्स और सभ्यताओं ने धरती के खत्म होने के बारे में भविष्यवाणियां की हैं. हालांकि, अभी तक ऐसी किसी भी प्रेडिक्शन को सच होते नहीं देखा गया. ये भविष्यवाणियां सिर्फ लोगों के मन में भय बना देते हैं. किसी इंसान या किसी कैलेंडर की भविष्यवाणी भले ही आपको यकीन ना हो, लेकिन अगर




यही बात नासा कहे तो कई लोग इसे मान जायेंगे. कैलेंडर्स और इंसान तो लोगों को उल्लू भी बना सकते हैं. ये सिर्फ अनुमान के आधार पर भविष्यवाणियां करते हैं. लेकिन नासा जैसे ऑर्गेनाइजेशन कई सालों से अंतरिक्ष पर नजर रखे हुए हैं. तारों, ग्रहों, उल्कापिंडों पर पैनी नजर रखने के बाद अब नासा ने उस तारीख का ऐलान किया है, जिस दिन धरती खत्म हो सकती है. एक विशाल एस्टेरोइड धरती से टकराएगा और तबाही मच जाएगी. नासा का कहना है कि Bennu नाम का एक एस्टेरोइड धरती से टकराएगा. ये एस्टेरोइड हर 6 साल में धरती के नजदीक से गुजरता है. इसका आकार उस एस्टेरोइड से आधा है, जिसने धरती से डायनासोर का खात्मा कर दिया था. हर 6 साल में इसकी दूरी धरती से कम होती जा रही है. ऐसे में नासा का कहना है कि 24 सितंबर 2182 को जब ये धरती के पास से गुजरेगा, तब दोनों में टक्कर होने की संभावना सबसे ज्यादा रहेगी.



# 'खुफिया' में अभिनय करना रोमांचक

**मुंबई।** एक्ट्रेस तब्बू ने जासूसी थ्रिलर 'खुफिया' में फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज के साथ काम करने को लेकर और उनके साथ संबंधों के बारे में खुलकर बात की और इसे वास्तव में रोमांचक बताया। भारतीय सिनेमा की दुनिया में तब्बू और विशाल भारद्वाज जैसी कुछ पार्टनरशिप समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं। 'मकबूल' और 'हैदर' की मनोरंजक कहानियों से लेकर, इस गतिशील जोड़ी ने लगातार अविस्मरणीय प्रदर्शन और कहानी कहने का काम किया है। तब्बू ने साझा किया, मुझे 'खुफिया' में एक बार फिर विशाल भारद्वाज के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। इस दिलचस्प जासूसी थ्रिलर के लिए नेटफ्लिक्स के साथ हमारा सहयोग वास्तव में रोमांचक है। उन्होंने कहा, विशाल की अनूठी कहानी ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है।




# 'फुकरे-3' ने की छप्पर फाड़ कमाई...


**मुंबई।** कॉमेडी फिल्म 'फुकरे 3' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के पहले दिन से गर्दा उड़ा रही है। फिल्म को ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म ने चार दिनो में ही 40 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली थी। फुकरे 3 ने रिलीज के पांचवें दिन यानी फर्स्ट मंडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने पहले दिन 8.20 करोड़ से ओपनिंग की थी। इसके बाद दूसरे दिन 7.81 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं तीसरे दिन 11.67 करोड़ की कमाई की और चौथे दिन रविवार को 15.18 करोड़ कमा डाले। वहीं सोमवार को गांधी जयंती कि छुट्टी पर 11.50 करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ 'फुकरे 3' की पांच दिनों की कुल कमाई अब 54.98 करोड़ रुपए हो गई है।

# 8 को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी ओएमजी-2 ...




**मुंबई।** सिनेमाघरों में अपने कंटेंट से दिल जीतने वाली अक्षय कुमार की फिल्म 'ओएमजी 2' अब 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है. अमित राय द्वारा निर्देशित, ओएमजी 2 में अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में कॉमेडी के जरिए एक जरूरी बात को दर्शकों के सामने पेश किया गया और इसको ए सर्टिफिकेट मिलने के बावजूद सिनेमाघरों में इसे अच्छा रिस्पॉन्स भी मिला। अब ओएमजी 2 नेटफ्लिक्स पर 190 देशों के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी।

# योद्धा आठ दिसंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




**मुंबई।** धर्मा प्रोडक्शंस अपनी सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत एक्शन फिल्म 'योद्धा' को 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए तैयार है। योद्धा का निर्देशन पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे ने किया है, जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और शशांक खेतान के मेंटर डिसाइपल फिल्म्स ने किया है। फिल्म के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख की सूचना सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। योद्धा में राशि खन्ना और दिशा पाटनी नजर आएंगी।

# झलक दिखला जा में नजर आएंगे शोएब

मुंबई। अजूनी फेम एक्टर शोएब इब्राहिम इन दिनों खबरों में बने हुए हैं। बीते दिनों शोएब ने अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की थी। शोएब ने बताया था कि वो एक नए प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। हालांकि, शोएब ने इस पर सस्पेंस बनाए रखा कि आखिर ये शो कौन सा है। अब उनके इस नए प्रोजेक्ट को लेकर नया अपडेट आया है। शोएब का नाम शो झलक दिखला जा के लिए कंफर्म हो गया है। वो शो के नए सीजन में नजर आएंगे। कंटेस्टेंट्स ने रिहर्सल शुरू कर दी है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। बता दें कि पिछली बार शोएब को शो अजूनी में देखा गया था। इस शो में वो रणवीर बग्गा के रोल में थे। हालांकि, ये शो अचानक से ऑफ एयर हो गया था। शोएब ने अपने ब्लॉग में इसकी जानकारी दी थी। इसके अलावा वो म्यूजिक वीडियो में भी नजर आए थे। वो इस म्यूजिक वीडियो में एक्ट्रेस रश्मि देसाई संग रोमांस करते दिखे थे। शोएब की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनकी शादी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ संग हुई है। दोनों को एक बेटा है। बेटे का नाम उन्होंने रुहान रखा है।




## शहीर के पास नहीं था कोई सीरियल पेट पालने के लिए की फोटोग्राफी

**मुंबई।** एक्टर शहीर शेख टीवी की दुनिया के पॉपुलर सितारें हैं। एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें फाइनेंशियल दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टीवी का पॉपुलर शो नव्या...नई धड़कन नए सवाल जब ऑफ एयर हुआ तो शहीर ने वित्तीय संकट झेला। उन्होंने पेट पालने के लिए फोटोग्राफी करना शुरू कर दिया था, जब तक कि उन्हें शो महाभारत नहीं मिला। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था,'नव्या और महाभारत के बीच में काफी गैप था। उस वक्त मैंने फोटोग्राफी की तरफ स्विच किया और मैं फोटोग्राफी करने लगा। आगे उन्होंने बताया, मैं अपने दोस्तों के लिए फोलियो बनाता था, क्योंकि ऐसे कुछ प्रोजेक्ट्स थे, जो डिले हो रहे थे। लगभग 1 साल का समय था, जिसमें मैं सिर्फ ऑडिशन दे रहा था। वो नव्या और महाभारत के बीच का समय था। बता दें कि शहीर शेख अब कृति सेनन के साथ नजर आने वाले हैं।



# 12 वीं फेल का शानदार ट्रेलर रिलीज....

**मुंबई।** निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल का शानदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसे हर तरफ से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। ट्रेलर में विक्रांत मैसी मुख्य किरदार में हैं और इसमें चंबल के एक छोटे से गांव से दिल्ली के मुखर्जी नगर में यूपीएससी की तैयारी करने तक का उनका सफर दिखाई दे रहा है। फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित, यूपीएससी प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने वाले लाखों छात्रों के संघर्षों पर बेस्ड है। फिल्म 12वीं फेल 27 अक्टूबर को दुनिया भर में हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज होने के लिए तैयार है।





# अक्टूबर होने वाला है रोमांचक हर हफ्ते मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

***मुंबई।*** *ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आए दिन तरह तरह के कंटेंट देखने को मिलते हैं। ऐसे में अक्टूबर का महीना ओटीटी लवर्स के लिए बेहद खास होने वाला है। इस महीने एक से बढ़कर एक फिल्में और वेब सीरीज ओटीटी प्लेफॉर्म पर दस्तक देने वाले हैं। यह महीना बेहद रोमांचक होने वाला है।*

**गदर 2 :** सनी देओल की 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। वहीं सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब सनी देओल की यह फिल्म ओटीटी पर भी रिलीज होने के लिए तैयार है।फिल्म 6 अक्टूबर को जी5 पर दस्तर देगी।

**मुंबई डायरीज-2 :** मुंबई डायरीज के पहले सीजन के हिट होने के बाद अब इसका दूसरा सीजन भी जल्द रिलीज होने वाला है। मुंबई डायरीज 2 6 अक्टूबर को अमेजॉन प्राइम पर रिलीज होगी।




**लोकी सीजन -2 :** डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज लोकी सीजन का दूसरा सीजन 6 अक्टूबर को रिलीज होगा। इसके पहले पार्ट को दर्शकों की तरफ से खूब प्यार मिली था।

**खुफिया :** तब्बू की अपकमिंग फिल्म खुफिया पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई हैं। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार हैं। फिल्म में तब्बू के अलावा अली फजल भी अहम रोल में नजर आएंगे। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# शांतनु के साथ रिलेशन में है श्रुति



**मुंबई।** एक्ट्रेस श्रुति हासन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह सिंगर गायिका बेट्टी ला वेट के गाने 'ब्रेन अ वूमंस हैड इनफ' पर मस्ती करती नजर आ रही हैं। ऑरिजनल ट्रैक को श्रुति गुनगुना रही हैं और ऐसा लग रहा था कि वह प्रैक्टिस किए बिना इसका आनंद ले रही हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर, उन्होंने अपनी क्लिप पोस्ट की और इसे कैप्शन दिया, नेशनल बॉयफ्रेंड डे पर शांतनु हजारिका को परेशान करने के लिए घर पर नॉर्मल चीख-पुकार वाली सुबह। एक्ट्रेस शांतनु हजारिका के साथ रिलेशनशिप में हैं। फैंस को दोनों की जोड़ी बेहद पसंद है। शांतनु एक इलस्ट्रेटर और डूडल आर्टिस्ट हैं। श्रुति हासन के इंस्टाग्राम पर 25,923,198 फॉलोअर्स हैं। वर्तमान में वह प्रभास स्टारर-एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सलार-पार्ट 1 : सीजफायर' के लिए तैयार हैं, जो 22 दिसंबर, 2023 को

# हुंडई की वरना को ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग

## कार वयस्क और बच्चों दोनों के लिए 5-स्टार रेटिंग से लैस है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में तैयार हुई हुंडई वरना की मजबूती फौलाद सी है। दरअसल, इस सेडान को ग्लोबल एनसीएपी ने क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी है। भारत में तैयार ये कार एडल्ट और बच्चों दोनों के लिए 5-स्टार रेटिंग से लैस है। एडल्ट असेसमेंट में इसे सेफ्टी के लिए 34 में से 28.18 पॉइंट मिले। वहीं, चाइल्ड असेसमेंट के लिए 49 में से 42 पॉइंट मिले। क्रैश टेस्ट में पता चला कि ड्राइवर और पैसेंजर के सिर और गर्दन की सेफ्टी अच्छी है। इस कार में 6 एयरबैग, ईएससी, ईबीडी के साथ एबीएस, रिवर्स पार्किंग सेंसर के साथ 65 सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं।

### 2023 वरना ईएक्स बेस वैरिएंट के फीचर्स

हुंडई वरना को ईएक्स, एस, एसएक्स और टॉप-स्पेक एसएक्स(O) जैसे 4 अलग-अलग ट्रिम में पेश किया है। बेस ईएक्स ट्रिम में साइड और कर्टेन एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, रिवर्स पार्किंग सेंसर्स, मैनुअल डिमेबल आईआरवीएम, ऑटोमैटिक हेडलाइट्स, हेडलाइट एस्कॉर्ट फंक्शन, ऑटो डोर लॉक और इम्पैक्ट-सेंसिंग अनलॉक, रियर डिफॉगर, डुअल हॉर्न, प्रोजेक्टर हेडलाइट्स, व्हील कवर दिए हैं।




### 2023 वरना एस मिड वैरिएंट के फीचर्स

एस ट्रिम में हिल स्टार्ट असिस्ट, ईएससी, व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट, डीआरएल के रूप में डबल एलईडी लाइट बार डबलिंग, कनेक्टेड एलईडी टेल लाइट्स, शार्क फिन एंटीना,ओआरवीएम पर ब्लिंकर, 15-इंच अलॉय व्हील जैसे कई फीचर अपग्रेड हैं।

# भारत में 3.1 करोड़ लोगों के 5जी फोन लेने की उम्मीद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में अल्ट्रा हाई-स्पीड सेवाओं को तेजी से अपनाने के बीच 2023 में भारत में कम से कम 3.1 करोड़ उपयोगकर्ताओं के 5जी फोन लेने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। एरिक्सन कंज्यूमर लैब ग्लोबल सर्वे के अनुसार, भारत में 5जी ने 4जी की तुलना में समग्र नेटवर्क संतुष्टि को 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण और सामर्थ्य के आधार पर 2023 में 3.1 करोड़ उपयोगकर्ता 5जी फोन ले सकते हैं। यह देश में 5जी को अपनाने के लिए विशाल अवसर प्रस्तुत करता है।' भारत में 5जी उपयोगकर्ता वीडियो स्ट्रीमिंग, वीडियो कॉलिंग सेवाएं, मोबाइल गेमिंग आदि के लिए इसका अधिक इस्तेमाल करते हैं। वे अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, चीन और कई अन्य जैसे अन्य शुरुआती 5जी बाजारों में उपयोगकर्ताओं की तुलना में इन सेवाओं पर प्रति सप्ताह औसतन दो घंटे अधिक बिताते हैं।

## काउंटर पॉइंट रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

# स्मार्ट टीवी की बिक्री में गिरावट आने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऊंची मुद्रास्फीति तथा अन्य वृहद-आर्थिक परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से इस कैलेंडर साल में भारत में स्मार्ट टीवी की बिक्री सात प्रतिशत घटने का अनुमान है। काउंटरपॉइंट रिसर्च ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली छमाही में भारतीय स्मार्ट टीवी की बिक्री पांच प्रतिशत कम रही है। यह गिरावट दूसरी छमाही में भी बने रहने के आसार दिख रहे हैं।

### नए संयंत्र लगने से बढ़ेगी क्षमता

हालांकि, यह रिपोर्ट कहती है कि मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के नए संयंत्र लगाने से भारत में टेलीविजन विनिर्माण की क्षमता बढ़ रही है। नए ओईएम भी इस क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और वे अपना टेलीविजन बनाने के लिए स्थापित कंपनियों के साथ हाथ मिला रहे हैं।




### किफायती क्यूएलईडी सेट किए जा रहे पेश

इसके अलावा अब क्यूएलईडी प्रौद्योगिकी से लैस स्मार्ट टीवी भी 30,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये के कीमत वर्ग में लोकप्रिय हो रहे हैं। इस रुझान को देखते हुए टीवी कंपनियां किफायती क्यूएलईडी सेट पेश कर रही हैं। भारत से कुल टीवी निर्यात में स्मार्ट टीवी की हिस्सेदारी पहली छमाही में 91 प्रतिशत रही। इस दौरान कुल बिक्री में ऑनलाइन मंचों का हिस्सा 39 प्रतिशत रहा।

## पीएफसी ने 15,000 करोड़ के कर्ज को मंजूरी दी

*नई दिल्ली।* सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने मंगलवार को कहा कि उसने विभिन्न परियोजनाओं के लिए 15,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं जिनमें हवाई अड्डा परियोजनाएं भी शामिल हैं। बिजली परियोजनाओं को वित्त मुहैया कराने वाली कंपनी पीएफसी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 15,000 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी गई। स्वीकृत परियोजनाओं में आंध्र प्रदेश की एक हवाई अड्डा परियोजना भी शामिल है। इसके साथ पीएफसी ने पहली बार किसी हवाई अड्डे को कर्ज देने का फैसला किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने कारोबार में विविधता लाने की रणनीति से संबंधित एजेंडा की समीक्षा भी की।




# विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 316 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई


विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और एशियाई बाजार के सुस्त संकेतों के बीच घरेलू मानक सूचकांक मंगलवार को आधा प्रतिशत तक गिर गए। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 316.31 अंक गिरावट के साथ 65,512.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 109.55 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 19,528.75 अंक पर बंद हुआ।



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी बांड के बढ़ते प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में मजबूती के चलते बाजार में सुदृढ़ीकरण जारी रहने से विदेशी निवेशक निकासी के लिए प्रेरित हुए।

# अबू धाबी की आईएचसी ने अदाणी एंटरप्राइजेज में

**नईदिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी अबू धाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर पांच प्रतिशत से अधिक कर ली है। इससे पहले आईएचसी ने अदाणी समूह की दो कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेची थी। आईएचसी ने अबू धाबी शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'अदाणी एंटरप्राइजेज लि. अपने अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार को बढ़ा रही है। ऐसे में यह रणनीतिक वृद्धि दुनिया के अग्रणी 'इनक्यूबेशन मॉडल' में आईएचसी के मजबूत भरोसे को दर्शाता है।' अबू धाबी की कंपनी ने कहा कि उसने एईएल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर पांच प्रतिशत से अधिक कर ली है। उसका मानना है, 'अदाणी एंटरप्राइजेज के तहत विकसित हो रहे हवाई अड्डों, डाटा केंद्रों, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में विकास की काफी संभावनाएं हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज भारत की मजबूत वृद्धि गाथा का बखूबी लाभ उठाने को तैयार है।'



### कंपनी भारत में निवेश के अवसर तलाश रही

इसमें कहा गया है, 'आईएचसी संबद्ध पक्षों के रिटर्न को अधिकतम करने के लक्ष्य के साथ भारत में निवेश अवसरों की तलाश जारी रखे हुए है।' आईएचसी ने पिछले सप्ताह कहा था कि निवेश को संतुलित करने की रणनीति के तहत वह अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. में 1.26 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 1.41 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी।

# देश में शुरू हुई ऑनलाइन प्याज की नीलामी



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में 13 दिनों बाद प्याज कारोबारियों की हड़ताल टूट गई है। इसी के साथ अब नासिक जिले में प्याज की ऑनलाइन नीलामी शुरू हो गई है। नीलामी में शुरुआती बोली 1000 रुपए से 2541 रुपए प्रति क्विंटल रखी गई है। दरअसल प्याज के एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के विरोध में कारोबारी हड़ताल पर चले गए थे। अब करीब 13 दिनों बाद प्याज की नीलामी को पूरे नासिक जिले के सभी बाजार समितियों में शुरु किया गया है। बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी लासलगांव एपीएमसी में मंगलवार सुबह 545 गाड़ियां पहुंचीं।

### 2100 रुपए औसत कीमत

इस नीलामी के शुरू होने के समय प्याज की न्यूनतम कीमतें 1,000 रुपए प्रति क्विंटल रहीं। तो वहीं अधिकतम कीमत 2,541 रुपए प्रति क्विंटल और औसत 2,100 रुपए प्रति क्विंटल रहीं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)